भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2259
जिसका उत्तर शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025 को दिया जाना है

**बच्चों और महिलाओं के विरुद्ध अपराध**

**2259. श्री अजय भट्ट :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**
(क) देश में बच्चों और महिलाओं के विरुद्ध हुए अपराधों से संबंधित मामलों को निपटाने के लिए वर्तमान में स्थापित और कार्यरत विशेष न्यायालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है।
(ख) पिछले तीन वर्षों में बच्चों और महिलाओं के विरुद्ध हुए अपराधों के संबंध में दर्ज, लंबित और निपटाए गए मामलों की संख्या कितनी है ;
(ग) क्या सरकार की उत्तराखंड के जिलों सहित देश के प्रत्येक जिले में मामलों के तेजी से निपटान के लिए और अधिक विशेष न्यायालय स्थापित करने की योजना है ;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(ङ) क्या सरकार का ऐसे न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों/अभियोजकों को नियुक्त करने का विचार है ;
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और
(छ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

**(क) :** दाण्डिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अधिनियमन और उच्चतम न्यायालय [ स्वमेव रिट (दाण्डिक) संख्या 1/2019] के परिपालन में अक्टूबर, 2019 में फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (एफटीएससी), जिनमें विशिष्ट पोस्को (ईपोस्को) न्यायालय सम्मिलित हैं, की स्थापना हेतु एक केंद्रीय प्रायोजित योजना प्रारंभ की गई। ये न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का

संरक्षण अधिनियम, 2012 के अधीन बलात्संग और अपराधों से संबंधित लंबित मामलों के नियत समय सीमा में विचारण और निस्तारण हेतु समर्पित हैं।

790 न्यायालयों की स्थापना हेतु इस योजना का 31 मार्च,2026 तक दो बार विस्तार किया गया है। योजना के अंतर्गत 1952.23 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान है, जिसमें से केंद्रीय अंश के तौर पर 1207.24 करोड़ रुपये निर्भया कोष से व्यय किए जाने हैं।

30.09.2025 तक 29 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 773 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय कार्यरत हैं, जिनमें 400 विशिष्ट पोस्को (ईपोस्को) न्यायालय सम्मिलित हैं। कार्यरत फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों (एफटीएससी), जिनमें विशिष्ट पोस्को न्यायालय सम्मिलित हैं, के राज्यवार / संघ राज्यक्षेत्रवार विवरण **उपाबंध -1** में दिया गया है।

**(ख) :** पिछले तीन वर्षों के दौरान बलात्संग और पोस्को अधिनियम से संबंधित मामलों से निपटने वाले फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों (एफटीएससी) द्वारा रजिस्ट्रीकृत, लंबित और निपटाए गए मामलों की संख्या का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण **उपाबंध -2** में दिया गया है।

**(ग) और (घ) :** जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों, जिसमें विशेष न्यायालय भी शामिल हैं, की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित उच्च न्यायालयों के परामर्श से, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के क्षेत्राधिकार में आती है। तदनुसार, राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों ने महिलाओं और बालकों के विरुद्ध अपराधों के मामलों से निपटने के लिए पोस्को न्यायालयों और फास्ट ट्रैक न्यायालयों को नामित/समर्पित किया है। ये न्यायालय, केंद्र प्रायोजित योजना के तहत स्थापित फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों के अतिरिक्त हैं।

विभाग अधिक फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों को कार्यरत बनाने के लिए राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के साथ पूर्णतः प्रतिबद्ध है और कार्यरत रूप से संलग्न है। उत्तराखंड सरकार के अनुरोध पर, राज्य को 3 अतिरिक्त फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय [**देहरादून (विकासनगर)**, **उधम सिंह नगर (काशीपुर)** और **नैनीताल जिला मुख्यालय**] **में** आवंटित किए गए हैं।

**(ङ) से (छ):** न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों/अभियोजकों तथा कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में, जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों का भरना, राज्य सरकारों तथा संबंधित उच्च न्यायालयों की जिम्मेदारी है। संवैधानिक संरचना के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 233 और 234 के साथ पठित अनुच्छेद 309 के परंतुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संबंधित राज्य सरकार उच्च न्यायालय के परामर्श से न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति और भर्ती से संबंधित नियम बनाती है।

*******

**उपाबंध - 1**

**तारीख 30/09/2025 को यथा राज्यवार /संघ राज्यक्षेत्रवार कार्यरत फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के साथ-साथ विशिष्ट पोस्को (ईपोस्को) अदालतों का विवरण**

| क्रम संख्या | राज्य / संघ राज्यक्षेत्र | कार्यरत न्यायालय | |
|---|---|---|---|
| | | विशिष्ट पोस्को सहित फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय | विशिष्ट पोस्को |
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 16 | 16 |
| 2 | असम | 17 | 17 |
| 3 | बिहार | 54 | 48 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 15 | 11 |
| 6 | दिल्ली | 16 | 11 |
| 7 | गोवा | 1 | 0 |
| 8 | गुजरात | 35 | 24 |
| 9 | हरियाणा | 18 | 14 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 6 | 3 |
| 11 | जम्मू - कश्मीर | 4 | 2 |
| 12 | कर्नाटक | 30 | 17 |
| 13 | केरल | 55 | 14 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 67 | 56 |
| 15 | महाराष्ट्र | 36 | 1 |
| 16 | मणिपुर | 2 | 0 |
| 17 | मेघालय | 5 | 5 |
| 18 | मिजोरम | 3 | 1 |
| 19 | नागालैंड | 1 | 0 |
| 20 | ओड़िशा | 44 | 23 |
| 21 | पुदुचेरी | 1 | 1 |
| 22 | पंजाब | 12 | 3 |
| 23 | राजस्थान | 45 | 30 |
| 24 | तमिलनाडु | 20 | 20 |
| 25 | तेलंगाना | 36 | 0 |
| 26 | त्रिपुरा | 3 | 1 |
| 27 | उत्तराखंड | 4 | 0 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 218 | 74 |
| 29 | पश्चिमी बंगाल | 8 | 8 |
| 30 | झारखंड * | 0 | 0 |
| 31 | अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह** | 0 | 0 |
| 32 | अरुणाचल प्रदेश*** | 0 | 0 |
| | कुल | **773** | **400** |

**टिप्पण :** योजना के प्रारंभ में, देश भर में फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय का आवंटन प्रति अदालत 65 से 165 लंबित मामलों के मानदंड पर आधारित था, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक 65 से 165 लंबित मामलों के लिए एक फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किया जाएगा। उस आधार पर, केवल 31 राज्य / संघ राज्यक्षेत्र योजना में शामिल होने के उपयुक्त थे। पुदुचेरी ने योजना में शामिल होने के लिए विशेष अनुरोध किया था और तब से मई, 2023 में एक विशेष पोस्को अदालत को क्रियाशील की है।

* झारखण्ड राज्य ने तारीख 07.07.2025 के पत्र द्वारा योजना से बाहर निकलने का निर्णय लिया है।योजना के अंतर्गत, राज्य में मई 2025 तक 22 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय कार्यरत थे, जिसमें योजना के प्रारंभ से कुल 9,114 मामलों का निपटारा किया गया।

**अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह ने योजना में शामिल होने की सहमति दी है, लेकिन अभी तक कोई अदालत क्रियाशील नहीं की है।

*** अरुणाचल प्रदेश ने बलात्संग और पोस्को अधिनियम के लंबित मामलों की बहुत कम संख्या का हवाला देते हुए योजना से बाहर होने का विकल्प चुना है।

**उपाबंध - 2**

**राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार पिछले तीन वर्षों के दौरान बलात्संग और पोस्को अधिनियम के मामलों से निपटने वाली फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय द्वारा रजिस्ट्रीकृत, लंबित और निष्पादित मामलों का विवरण**

| | | 2023 | | | 2024 | | | 2025 (जनवरी- सितंबर) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्यक्षेत्र | रजिस्ट्रीकृत मामले | निष्पादित मामले | लंबित मामले (दिसंबर 2023 तक) | रजिस्ट्रीकृत मामले | निष्पादित मामले | लंबित मामले (दिसंबर 2024 तक) | रजिस्ट्रीकृत मामले | निष्पादित मामले | लंबित मामले (दिसंबर 2025 तक) |
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 2279 | 2368 | 7231 | 1419 | 2138 | 6512 | 1779 | 1949 | 6342 |
| 2 | असम | 3624 | 2300 | 5207 | 3847 | 2685 | 5984 | 2446 | 1953 | 6477 |
| 3 | बिहार | 6515 | 4464 | 17716 | 6245 | 4556 | 19321 | 5922 | 4442 | 22934 |
| 4 | चंडीगढ़ | 198 | 128 | 203 | 99 | 73 | 229 | 77 | 96 | 210 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1066 | 1450 | 2264 | 1164 | 1365 | 1975 | 849 | 1065 | 1492 |
| 6 | दिल्ली | 1005 | 756 | 3810 | 768 | 833 | 3663 | 494 | 595 | 3515 |
| 8 | गोवा | 32 | 23 | 156 | 38 | 51 | 143 | 41 | 43 | 141 |
| 7 | गुजरात | 4003 | 4275 | 6338 | 3593 | 4228 | 5703 | 2484 | 3052 | 5135 |
| 9 | हरियाणा | 1939 | 2094 | 4199 | 2045 | 1911 | 4235 | 1518 | 1295 | 4544 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 214 | 299 | 834 | 237 | 432 | 639 | 202 | 236 | 605 |
| 11 | जम्मू - कश्मीर | 76 | 41 | 453 | 164 | 112 | 509 | 60 | 75 | 494 |
| 12 | झारखंड * | 2216 | 2189 | 4486 | 2151 | 2313 | 4447 | 929 | 979 | 0 |
| 13 | कर्नाटक | 3595 | 3713 | 5414 | 3570 | 3553 | 5436 | 2619 | 2519 | 5231 |
| 14 | केरल | 7255 | 7044 | 7401 | 5462 | 6324 | 6524 | 3094 | 3962 | 6301 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 5896 | 8130 | 10193 | 6238 | 6152 | 10259 | 4463 | 3856 | 10879 |
| 16 | महाराष्ट्र | 2817 | 6811 | 4355 | 1454 | 3716 | 1354 | 39653 | 472 | 33630 |
| 17 | मणिपुर | 12 | 48 | 94 | 18 | 45 | 64 | 20 | 40 | 44 |
| 18 | मेघालय | 204 | 135 | 1061 | 252 | 265 | 1049 | 202 | 124 | 1128 |
| 19 | मिजोरम | 120 | 60 | 89 | 63 | 73 | 72 | 63 | 44 | 90 |
| 20 | नागालैंड | 5 | 6 | 51 | 9 | 11 | 49 | 15 | 5 | 59 |
| 21 | ओड़िशा | 4626 | 5153 | 11060 | 4264 | 5747 | 9577 | 3491 | 3939 | 9129 |
| 22 | पुदुचेरी | 59 | 44 | 221 | 79 | 78 | 222 | 70 | 62 | 230 |
| 23 | पंजाब | 1089 | 1502 | 1438 | 1221 | 1127 | 1561 | 844 | 935 | 1470 |
| 24 | राजस्थान | 3533 | 4213 | 6122 | 3615 | 4288 | 5449 | 2503 | 3033 | 4919 |
| 25 | तमिलनाडु | 2847 | 1861 | 4440 | 2903 | 2670 | 4672 | 5807 | 1719 | 8135 |
| 26 | तेलंगाना | 2486 | 1720 | 8463 | 2461 | 2499 | 8425 | 2242 | 1817 | 8850 |
| 27 | त्रिपुरा | 88 | 163 | 242 | 66 | 89 | 219 | 93 | 89 | 221 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 23246 | 14898 | 84778 | 33393 | 27640 | 90531 | 33314 | 12114 | 94826 |
| 29 | उत्तराखंड | 351 | 383 | 908 | 606 | 437 | 1077 | 248 | 212 | 1113 |
| 30 | पश्चिमी बंगाल | 75 | 48 | 2948 | 1458 | 184 | 4222 | 1588 | 339 | 5471 |
| | **कुल** | **81471** | **76319** | **202175** | **88902** | **85595** | **204122** | **117130** | **51061** | **243615** |

* झारखंड राज्य ने दिनांक 07.07.2025 के अपने पत्र के माध्यम से योजना से बाहर होने का निर्णय लिया।
योजना के अंतर्गत, राज्य में मई 2025 तक 22 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय कार्यरत थे, जिसमें योजना के प्रारंभ से कुल 9,114 मामलों का निष्पादन किया गया।

************